an>

Title: Need to amend guidelines of Border Area Development Projects (BADP).

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : महोदया, मैं डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में बात करना चाहता हूं। राजस्थान में चार डिस्ट्रिक्ट्स जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर की बात करना चाहता हूं। मैं और अर्जुन मेघवाल जी राज्य के गृह मंत्री जी से मिले, उन्हें चिट्ठियां भी लिखी थीं कि वहां मैनेजमेंट ठीक नहीं हो रहा है। हम डिस्ट्रिक्ट लैवल कमेटी के सदस्य नहीं हैं। स्टेट लैवल स्टैंडिंग कमेटी के भी हम सदस्य नहीं हैं। वहां भ्रÂटाचार हो रहा है, मैनेजमेंट ठीक नहीं हो रहा है और गाइडलाइन्स ठीक नहीं हैं।

प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी सदन में उपस्थित नहीं हैं, मेरी मांग है कि सांसदों को डीएलसी और एसएलसी का अध्यक्ष बनाया जाए। मेरा दूसरा मामला सैचुरेशन का है, यह दस-बीस किलोमीटर पर होना चाहिए, लेकिन हमारे यहां दो सौ से तीन सौ किलोमीटर पर हो रहा है।

केंद्र और राजस्थान में हमारी सरकार है। जयपुर में पिछले दिनों दो सीनियर आफिसर्स को किसी गड़बड़ के लिए सस्पेंड कर दिया गया, लेकिन बार्डर मैनेजमेंट में जो अधिकारी बैठे हैं, उन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। प्रधान मंत्री जी हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ रहे हैं। मेरी प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी से मांग है कि जिस प्रकार से जयपुर में गड़बड़ी करने पर दो अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है, उसी तरह से यहां भी कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सोना राम चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।